Durga Tutorial

Online Classes

बिहार बोर्ड और CBSE बोर्ड की तैयारी

Free Notes के लिए

www.durgatutorial.com

पर जाएँ।

ज्यादा जानकारी के लिए हमें
Social Media पर Follow करें।

https://www.facebook.com/durgatutorial23/?modal=admin_todo_tour

https://twitter.com/DurgaTutorial

https://www.instagram.com/durgatutorial/

https://www.youtube.com/channel/UC5AJcz6Oizfohqj7eZvgeHQ

9973735511

CBSE कक्षा 11 इतिहास

पाठ-2 लेखन कला और शहरी जीवन

महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

अति लघु प्रश्न (2 अंक वाले)

1. **श्रम-विभाजन शहरी जीवन की विशेषता है। दो बिंदु दीजिए।**

   उत्तर-

   i. नगर के सब लोग एक-दूसरे पर निर्भर हैं।

   ii. एक पत्थर की मुद्रा तराशने वाले को काँसे के औजारों की आवश्यकता होती है क्योंकि उसकी विशेषता तो पत्थर उकेरने (नक्काशी) तक ही सीमित है।

   iii. काँसे के औजार बनाने वाले को भी तांबा, रांगा (टिन) और साथ ही लकड़ी के कोयले की आवश्यकता होती है।

2. **मेसोपोटामिया में सामान के आयात-निर्यात किस प्रकार होता था?**

   उत्तर-

   i. मेसोपोटामिया में खनिज-संसाधनों का अभाव था, इसलिए वे लकड़ी, तांबा, रांगा, चांदी, सोना, सीपी और अन्य कीमती पत्थरों का तुर्की व ईरान से आयात करते थे।

   ii. वे अपना कपड़ा, कृषि-उत्पाद काफी मात्रा में निर्यात करते थे।

3. **मेसोपोटामिया में भाषा के इस्तेमाल का वर्णन कीजिए।**

   उत्तर-

   i. भाषा का इस्तेमाल हिसाब-किताब रखने में।

   ii. शब्दकोश बनाने में।

   iii. भूमि हस्तांतरण को कानूनी मान्यता प्रदान करने के लिए।

   iv. कानूनों में परिवर्तन करने के लिए।

   v. राजाओं के कार्यों का वर्णन करने तथा आदेश जारी करने में।

4. **मुखिया अपने आस-पास लोगों को क्यों बसाता था? तर्क दीजिए।**

   उत्तर-

   i. आवश्यकता पड़ने पर सेना तैयार मिले।

   ii. आस-पास बसने से अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें।

5. **मेसोपोटामिया में बहुत कम लोग पढ़-लिख पाते थे? तर्क देकर स्पष्ट कीजिए।**

   उत्तर-

   i. मेसोपोटामिया के बहुत कम लोग पढ़-लिख सकते थे।

   ii. प्रतीकों या चिन्हों की संख्या सैकड़ों में थी तथा वे अधिक पेचीदा भी थे।

6. **मारी नगर के राजमहल की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर-

i. मारी नगर का विशाल राजमहल वहां के शाही परिवार का निवास-स्थान था।
ii. यह राजमहल प्रशासन तथा कीमती धातुओं के निर्माण का मुख्य केन्द्र था।
iii. राजा के भोजन की मजे पर हर रोज भारी मात्रा में खाद्य पदार्थ. आटा, रोटी, मांस, मछली, फल, मदिरा व बीयर आदि रखे जाते थे।
iv. इस विशाल महल में 260 कक्ष थे।

7. **मेसोपोटामिया शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर-

i. मेसोपोटामिया नाम यूनानी भाषा के दो शब्दों 'मेसोस' अर्थात् 'मध्य' और 'पोटैमोस' अर्थात 'नदी' से मिलकर बना है।
ii. इसलिए मेसोपोटामिया शब्द दजला व फरात नदियों के बीच की उपजाऊ धरती को माना जाता है।
iii. यह ऐतिहासिक भूमि आजकल इराक गणराज्य का हिस्सा है।

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

CBSE कक्षा 11 इतिहास

पाठ-2 लेखन कला और शहरी जीवन

महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

लघु प्रश्न (4 अंक वाले)

1. **मेसोपोटामिया की भौगोलिक स्थिति का वर्णन कीजिए।**

   उत्तर-

   i. इराक भौगोलिक विविधता का देश है।
   ii. इसके पूर्वोत्तर भाग में हरे-भरे मैदान हैं जिनमें छायादार पेड़ व पर्वत श्रृंखलाएं हैं।
   iii. यहां पर्याप्त वर्षा होने से अच्छी फसल हो जाती है।
   iv. भेड़-बकरियां यहां उगने वाली छोटी -छोटी झाड़ियों और घास से अपना पटे भर लेती हैं।
   v. पूर्व में दजला की सहायक नदियां ईरान के पहाड़ी प्रदशों में जाने के लिए परिवहन का अच्छा साधन हैं।
   vi. दजला व फरात नदियों ने इस मैदान को सुन्दर, रमणीय, हरा-भरा तथा उपजाऊ बनाया है।

2. **मेसोपोटामिया की कृषि-व्यवस्था का वर्णन कीजिए।**

   उत्तर-

   i. यहां 7,000 से 6,000 ई.पू. के बीच खेती आरंभ हो गयी थी।
   ii. यहां की मुख्य फसलें गेहूं, जौ, मटर, मसूर हैं। गर्मियों में खजूर के पेड़ अत्यधिक फल देते थे।
   iii. समकालीन सभ्यताओं में सबसे अच्छी खेती यहीं पर होती थी।
   iv. ऊंचाई वाले इलाकों में, भारी मात्रा में मांस, दूध, ऊन आदि वस्तुएँ मिल जाती हैं।
   v. स्टेपी घास के मैदानों में पशुपालन भी आजीविका का अच्छा साधन है।
   vi. दजला व फरात कई धाराओं में बंटकर नहरों के रूप में खेतों की सिंचाई करती है।
   vii. अच्छी खेती ही शहरी जीवन का आधार है।

3. **मेसोपोटामिया में शहरीकरण का क्या महत्व था? विवेचना कीजिए।**

   उत्तर-

   i. खाद्य उत्पादन के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियां विकसित होने लगती हैं
   ii. जनसंख्या का घनत्व बढ़ने से कस्बे बसने लगते हैं।
   iii. धीरे-धीरे कारोबार बढ़ने से व्यापार के केन्द्र बन जाते हैं।
   iv. शहरी अर्थव्यवस्था को अपना हिसाब-किताब लिखित रूप में रखना होता है।
   v. श्रम-विभाजन का भी शहरी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है।
   vi. कुशल परिवहन व्यवस्था का भी इस सभ्यता में महत्वपूर्ण योगदान है।

4. **लेखन कला के क्रमबद्ध विकास का वर्णन कीजिए।**

   उत्तर-

i. मेसोपोटामिया के लोग मिट्टी की पट्टिकाओं पर लिखा करते थे।
ii. चिकनी मिट्टी को आकार देकर सुखाया जाता था।
iii. लिखने वाली सतह चिकनी बनायी जाती थी।
iv. सरकंडे की तीली की नोक से पट्टी पर लिखा जाता था।
v. पट्टी धूप में सूखकर पक्की हो जाती थी।
vi. यहां पर खुदाई से सैकड़ों पट्टिकाएं मिली हैं।

5. **दक्षिणी मेसोपोटामिया के इलाके में ग्रामीण लोगों के मध्य झगड़े क्यों होते थे? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर-

i. ग्रामीणों में पानी व जमीन के लिए झगड़े बार-बार होते थे।
ii. नदियों के रास्ता बदलने से लोग पुनः स्थापित होते रहते थे।
iii. नदी की जल धाराओं के ऊपर रहने वाले लोग सारा पानी अपने खेतों में इस्तेमाल कर लेते थे।
iv. कभी-कभी नदी में गाद जमने से नदी का बहाव रुक जाता था।
v. इसलिए नीचे वाले लोगों को पानी नहीं मिलता था और उनके खेत सूखे रह जाते थे।

6. **मेसोपोटामिया में परिवार व शादी के लिए कैसे नियम थे? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर-

i. समाज में एकल परिवार ही आदर्श माना जाता था।
ii. पिता परिवार का मुखिया होता था।
iii. शादी की शुरुआत में वधू के माता-पिता अपनी सहमति देते थे।
iv. विवाह की रस्म पूरी होने पर दोनों पक्ष उपहारों का आदान-प्रदान करते थे।
v. एक साथ बैठकर भोजन करते थे।
vi. मन्दिर में पूजा करने के बाद, सास नववधू को लेने आती थी।
vii. शादी के बाद पुत्र माता-पिता के पास ही रहता था।
viii. पिता का घर, पशधन, खेत आदि उसके पुत्रों को ही मिलता था।

7. **'उर' शहर की नगर-योजना का वर्णन कीजिए।**

उत्तर-

i. 'उर' नगर में गलियां संकरी, टेढ़ी-मेढ़ी थी।
ii. अनाज के बोरे, ईंधन के गट्ठे गधे पर लाद कर घर पर लाए जाते थे।
iii. गलियाँ बहुत घुमावदार व पतली थीं।
iv. जल निकासी के लिए नालियाँ, सड़कों के किनारे न होकर घरों के भीतर पायी गयी हैं।
v. लोग वर्षा के जल के लिए घर में हौज बनाते थे जिससे बाहर गली में कीचड़ न हो जाय।

8. **यह कहना क्यों सही होगा कि खानाबदोश पशुचारक निश्चित रूप से शहरी जीवन के लिए खतरा थे?**

उत्तर-

i. मारी नगर में किसान तथा पशुचारक दोनों ही रहते थे।

ii. पशुचारकों को जब अनाज, धातके औजारों आदि की आवश्यकता होती थी तब वे अपने पशुओं तथा उनके पनीर, चमड़ा, व मांस आदि के बदले ये चीजें प्राप्त करते थे।
iii. गोबर की खाद भी किसानों के लिए बहुत उपयोगी थी।
iv. गड़रिये कई बार अपनी भेड़-बकरियों को पानी पिलाने के लिए बोए हुए खेतों से गुजर कर जाते थे। परिणाम स्वरूप किसानों की फसल को हानि पहुँचती थी।
v. गड़रिये (खानाबदोश) कई बार किसानों की बस्ती पर हमला बोल देते थे।
vi. किसान भी कई बार नदी-नहर तक जाने से गड़रियों को रोक देते थे।
vii. इसलिए दोनों के बीच झगड़े होते रहते थे।

9. **मारी नगर एक प्रसिद्ध व्यापारिक नगर था तर्क देकर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर-

i. मारी नगर एक महत्वपूर्ण व्यापारिक स्थल पर स्थित था। यहां से लकड़ी, तांबा, रांगा, तले, मदिरा आदि माल फरात नदी से तुर्की सीरिया, लेबनान आदि के साथ व्यापार होता था।
ii. दक्षिणी नगरों को जाने वाले पोत जो पत्थर, चक्की, लकड़ी, शराब व तेल के पीपों से लदे होते थे मारी में रुकते थे।
iii. लदे माल पर 10% कर वसूल किया जाता था।
iv. यह नगर उन दिनों तांबे व टिन के व्यापार के लिए प्रसिद्ध था।
v. कांसा औजार बनाने के लिए प्रयोग किया जाता था।
vi. मारी नगर व्यापार के लिए सम्पन्न व समृद्ध नगर था।

10. **मेसोपोटामिया सभ्यता में लेखन कला की क्या देन है? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर-

i. कुछ किस्से कहानियों को तो मौखिक रूप से याद रखते हैं।
ii. परन्तु विज्ञान, गणित को जीवित रखने के लिए दस्तावेजों, किताबों की आवश्यकता होती है।(iii) कालगणना का लेखा-जोखा भी लिखित रूप में मिला है।
iii. चन्द्र ग्रहण का हिसाब रखा जाता था।
iv. विद्यार्थीगण पुरानी पट्टिकाओं को पढ़ते थे।
v. कुछ छात्रों को इतना सम्पन्न बनाया जाता था कि बौद्धिक उपलब्धियों को सवाँर कर अगली पीढ़ी को प्रदान करें।
vi. यह सब लेखन कला की ही देन है जिससे हम मेसोपोटामिया की उपलब्धियाँ जान पाये हैं।

CBSE कक्षा 11 इतिहास

पाठ-2 लेखन कला और शहरी जीवन

महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

दीर्घ प्रश्न (8 अंक वाले)

1. **मेसोपोटामिया की प्रमुख उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।**

   उत्तर-

   i. लेखन कला सर्वाधिक महत्वपूर्ण देन।
   ii. गणित की गणनाओं का विकास।
   iii. विद्यालय जैसी संस्थाएँ।
   iv. मेसोपोटामिया के शहरी लोगों का आधुनिक तौर-तरीकों से परिचित होना।
   v. शहरी जीवन तथा सामाजिक व्यवस्था।
   vi. उत्तराधिकार के मामलों में कानूनी दस्तावेजों का होना।
   vii. मोहर: एक शहरी शिल्प कृति।
   viii. 5000 ई.पू. बस्तियों का विकास।
   ix. लेखन-प्रणाली।
   x. शहरीकरण का महत्व

2. **'उर' नगर की नगर-योजना को विस्तार से समझाइए।**

   उत्तर-

   i. उर नगर की सबसे पहले खुदाई।
   ii. पतली व घुमावदार गलियाँ।
   iii. नगर नियोजन की पद्धति का अभाव।
   iv. जल निकासी की व्यवस्था न होना।
   v. घरों के बारे में अंधविश्वासों का प्रचलन।
   vi. कमरों में खिड़कियों का अभाव।
   vii. शकुन-अपशकुन संबंधी बातें।
   viii. नगरवासियों के लिए कब्रिस्तान।
   ix. आँगन में हौज़ों का होना।
   x. सामान का लाना ले जाना।

3. **मंदिर मेसोपोटामिया की संस्कृति के अभिन्न अंग थे। स्पष्ट कीजिए।**

   उत्तर-

   i. 5000 ई.पू. दक्षिणी मेसोपोटामिया में बस्तियों का विकास।

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

ii. कुछ प्राचीन शहर मंदिर के चारों ओर विकसित हुए।
iii. सबसे पहले ज्ञात मंदिर एक छोटा-सा देवालय था, जो कि कच्ची ईटों का बना हुआ था।
iv. मंदिर विभिन्न प्रकार के देवी-देवताओं के निवास स्थान थे जैसे उर जो चंद्र देवता के और इन्नाना जो प्रेम व युद्ध की देवी थी।
v. कुछ प्रारम्भिक साधारण मंदिर घरों जैसे ही होते थे क्योंकि मंदिर भी किसी देवता के घर होते थे।
vi. देवता पूजा का केन्द्र-बिन्दु होता था, लोग देवी-देवता के लिए अन्न, दही और मछली लाते थे।
vii. आराध्य देव सैद्धान्तिक रूप से खेतों, मत्स्य क्षेत्रों और स्थानीय लोगों के पशुधन का स्वामी माना जाता था।
viii. समय आने पर उपज को उत्पादित वस्तुओं में बदलने की प्रक्रिया मंदिरों में ही की जाती थी।
ix. मंदिर ने धीरे-धीरे अपने क्रियाकलाप बढ़ा लिए।
x. उस काल में मंदिर ना केवल धार्मिक केन्द्र थे अपितु आर्थिक-क्रियाओं से भी जुड़े थे।

4. **सम्भवतः दुनिया को मेसोपोटामिया की सबसे बड़ी देन उसकी कालगणना और गणित की विद्वतापूर्ण परम्परा है।**

उत्तर-

i. मेसोपोटामिया की दुनिया को सबसे बडी देन उसकी कालगणना और गणित की विद्धतापूर्ण परम्परा है।
ii. 1800 ई.पू. के आस-पास की कुछ पटिटकाएं मिली हैं जिनमें गुणा और भाग की तालिकाएं वर्ग तथा वर्गमूल और चक्रवृद्धि ब्याज की सारणियां दी गई हैं।
iii. मेसोपोटामिया वासियों से ही हमें ज्ञात हुआ कि पृथ्वी के चारों ओर चंद्रमा की परिक्रमा के अनुसार एक पूरे वर्ष का 12 महीनों में विभाजन, एक महीने का 4 हफ्तों में विभाजन, एक दिन का 24 घंटों में विभाजन और एक घंटे का 60 मिनट में विभाजन। आज यह सब हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है।
iv. सूर्य और चन्द्र ग्रहण घटित होने पर वर्ष, मास और दिन के अनुसार उनका हिसाब रखकर गणना की जाती थी |
v. रात को आकाश में तारों और तारामंडल की स्थिति पर नजर रखते हुए गणना की जाती थी |

5. **मेसोपोटामिया की प्रमुख उपलब्धियों को वर्णित कीजिए।**

उत्तर-

i. लेखन कला ।
ii. गणित की गणनाओं का विकास ।
iii. शहरी जीवन तथा सामाजिक व्यवस्था ।
iv. विद्यालय जैसी संस्थाएँ।
v. 5000 ई.पू. बस्तियों का विकास।
vi. विवाह, उत्तराधिकार के मामलों में कानूनी दस्तावेजों का होना।
vii. मोहर: एक शरही शिल्प कृति।
viii. शहरीकरण का महत्व |

Durga Tutorial

Online Classes

Thank You For Downloading Notes

ज्यादा जानकारी के लिए हमें Social Media पर Follow करें।

https://www.facebook.com/durgatutorial23/?modal=admin_todo_tour

https://twitter.com/DurgaTutorial

https://www.instagram.com/durgatutorial/

https://www.youtube.com/channel/UC5AJcz6Oizfohqj7eZvgeHQ

9973735511